MR. CHAIRMAN: The House is adjourned till 2 o'clock.

The House then adjourned for lunch at one of the clock. The House reassembled after lunch at four minutes past two of the clock,

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR) in the Chair]

THE BUDGET (UTTAR PRADESH), 2002-2003

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Shri Balasaheb Vikhe-Patil to lay the Budget (Uttar Pradesh), 2002-2003 on the Table of the House.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI BALASAHEB VIKHE-PATIL): Sir, I lay on the Table a statement (in English and Hindi) of the estimated receipts and expenditure of the Government of Uttar Pradesh for the year 2002-2003 and Supplementary Demands for Grants for 2001-2002 for the State of Uttar Pradesh.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Thank you, Mr. Minister. Now we will take up further discussion on the Budget (General), 2002-2003. Shri Ramdas Agarwal.

THE BUDGET (GENERAL). 2002-2003 - *Contd.*

श्री रामदास अगवाल (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय , मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे 2002-2003 के बजट प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलने का अवसर दिया। विगत बारह वर्षो से मैं अनेक वित्त मंत्रियों का भाषण सुनता आ रहा हूं और चर्चा में भी आगे-पीछे भाग लेता रहा हूं। मेरे लिए बजट प्रस्तावों पर चर्चा में भाग लेने के लिए यह अंतिम अवसर है । जहां आज श्री प्रणव मुखर्जी जी , डा. मनमोहन सिंह जी, श्री कपिल सिब्बल जी बैठे है उन बैंचों पर मुझे भी बैठने का मौका मिला था । उन बैचों का स्वाद हमने भी बहुत चखा है और मैं ऐसा समझता हूं कि विपक्ष की भूमिका में शायद हम उनसे ज्यादा अनुभवी हैं। बजट पर हमारे सभी माननीय पक्ष और विपक्ष के सदस्य बोल चुके हैं और आगे भी बोलेंगें । जब हम पक्ष में होते हैं या विपक्ष में होतें हैं तो हमारा एक स्वधर्म होता है और हम उस स्वधर्म का पालन करते हैं । मैं यह नम्रतापूर्वक कहना चाहता हूं कि स्वधर्म का पालन करना बहुत श्रेयस्कर है लेकिन राष्ट्र धर्म का पालन करना भी हमारे लिए अत्यंत आवश्यक है । कहीं ऐसा न हो कि राष्ट्र धर्म पर हमारा स्वधर्म भारी न पड़ जाए और हम केवल अपना धर्म निभाते रहें तथा देश कि स्थिति बिगड़ती रहे। उपसभाध्यक्ष जी , मुझे आज इस बात की बहुत प्रसन्नता है , मैं श्रीमान् कपिल सिब्बल जी का